शीर्ष प्राथमिकता/तत्काल

संख्या-17/981/78-1-2013-35/2012टी0सी0-4

प्रेषक,

जी0पी0 कमल
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यू0पी0एल0सी0,
लखनऊ ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक 11 सितम्बर, 2013

विषय:- चक गंजरिया फार्म, लखनऊ की भूमि के वैकल्पिक उपयोग एवं पशुपालन फार्म के पुर्नस्थापना हेतु कार्य योजना के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में मुझे कहने का निदेश हुआ है कि चक गंजरिया फार्म प्रक्षेत्र में स्थित दुग्ध विकास विभाग की डेयरी प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 06-09-2013 को सम्पन्न हुई बैठक में निम्नलिखित निर्देश दिये गये है:-

(1) आई.टी. सिटी हेतु चिहिन्त की गयी 100 एकड भूमि की जिला प्रशासन लखनऊ के संबंधित अधिकारियों से व्यक्तिगत संपर्क करके पैमाइश कराकर मौके पर कब्जा प्राप्त कर लिया गया जाए तथा उक्त भूमि को कंटीले तार अथवा दीवार अथवा पत्थर आदि लगावाकर अपने कब्जे में ले लिया जाए।

(2) उक्त चिन्हांकित भुमि का नक्शा जिला प्रशासन लख्नऊ/लखनऊ विकास प्राधिकरण संपर्क कर प्राप्त कर लिया जाए।

(3) उक्त चिह्नित भूमि में पडने वाले पेडो को, जिन्हें आई.टी. सिटी योजना के अन्तर्गत् कटवाया जाना आवश्यक हो उन्हें काटने की अपरिहार्यता दर्शाते हुए वन

http://shasnadesh.up.nic.in

विभाग एवं आवास विभाग से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही पेडों का कटान किया जाए।

(4) आई.टी. सिटी लखनऊ को एस0ई0जेड0 घोषित करने संबंधी विज्ञप्ति यथा शीघ्र जारी करायी जाए।

(5) आई.टी. सिटी लखनऊ के स्थापना के संबंध में अनुश्रवण हेतु यू0पी0एल0सी0 स्तर पर किसी वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाए।

(6) आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग आई.टी. सिटी की स्थापना के संबंध में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को माइल स्टोन उपलब्ध कराएं।

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही से शासन को शीघ्र अगवत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जी0पी0 कमल)

संयुक्त सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in